हिन्दी अकादमी, दिल्ली
(कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग)
रा0रा0 क्षे0 दिल्ली सरकार
समुदाय भवन, पदम नगर, किशनगंज, दिल्ली–110007

स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में
हिन्दी कविता प्रतियोगिता–2022

अकादमी दिल्ली के **महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों** के **विद्यार्थियों** की सृजनात्मक प्रतिभा और अभिव्यक्ति क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से **हिन्दी कविता प्रतियोगिता** का आयोजन करने जा रही है। विद्यार्थियों को अपने विवेक को केन्द्र में रखते हुए किसी भी विषय पर **हिन्दी भाषा में** कविता की रचना करनी होगी।

➢ प्रतियोगी अपनी रचना करते समय निम्नलिखित बिन्दुओं का विशेष ध्यान रखें :–

1. ''रचना राष्ट्र–प्रेम, राष्ट्रीय–एकता एवं सामाजिक व सांस्कृतिक महत्त्व के संदर्भों और सामाजिक सद्भाव पर आधारित नवीन अभिव्यक्ति हो, जिसमें किसी व्यक्ति विशेष, सम्प्रदाय, जाति, क्षेत्र एवं राजनीतिक दल आदि की भावनाएं प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से आहत न हो।''
2. यदि प्रतियोगी की रचना उपर्युक्त नियम के विपरीत पायी जाती है तो उसकी कविता को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जायेगा।
3. स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए यह प्रतियोगिता होगी –

➢ कविता का प्रत्यक्ष पाठ होगा, जिसमें भाव, भाषा और प्रस्तुतीकरण के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। कविता पाठ के लिए अधिकतम 4 मिनट का समय होगा।

➢ प्रतियोगिता दिनांक 18.08.2022 को अपराह्न 2.00 बजे, दिल्ली हाट, जनकपुरी, नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी।

➢ प्रतियोगियों को स्वेच्छा से शीर्षक और विषय का चयन कर कविता की रचना करनी होगी। किसी अन्य कवि की कविता स्वीकार्य नहीं होगी।

➢ इच्छुक छात्र अपनी प्रविष्टि संलग्न प्रपत्र पर भर कर 14.08.2022 तक अकादमी की मेल **hindiacademyprogramme@gmail.com** पर अवश्य भेज दें। अन्तिम तिथि के बाद भेजी गयी रचनाएं स्वीकार्य नहीं होगी।

➢ आवेदन हिन्दी में ही भरा जाना है, जिसमें 1.विद्यार्थी का नाम 2. पिता/माता का नाम 3. कक्षा 4. महाविद्यालय का नाम व पूरा पता 5. कविता के शीर्षक का स्पष्ट उल्लेख हो। महाविद्यालय/ विभागाध्यक्ष से सत्यापित आवेदन ही स्वीकार किये जायेंगे।

➢ पुरस्कार

प्रथम–15,000/–रु0, द्वितीय – 10,000/–रु0, प्रोत्साहन (दो) – 5,000/–रु0 प्रत्येक

पुरस्कृत प्रतियोगियों को पुरस्कार राशि के साथ–साथ प्रतीक चिह्न और प्रमाण पत्र भी दिये जायेंगे।

(डॉ. जीतराम भट्ट)
सचिव

हिन्दी अकादमी, दिल्ली
(कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, दिल्ली सरकार)
समुदाय भवन, पदम नगर, किशन गंज, दिल्ली–110007

स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में

<u>हिन्दी कविता प्रतियोगिता–2022</u>

वर्ग –

कक्षा –

कविता का शीर्षक –

<u>आवेदन प्रपत्र</u>

1. विद्यार्थी का नाम ....
2. पिता/माता का नाम ....
3. कक्षा व जन्म तिथि ....
4. महाविद्यालय/विश्वविद्यालय का नाम व पता ....
5. दूरभाष ....

घोषणा

मैं ....सुपुत्र/सपुत्री..घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त जानकारी वास्तविक और सत्य है। मैं अकादमी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता के सभी नियमों का पालन करूँगा/करूँगी। प्रतियोगिता हेतु संलग्न रचना मेरी मौलिक अभिव्यक्ति है।

आवेदक के हस्ताक्षर...........................

सत्यापित

प्रधानाचार्य/विभागाध्यक्ष
हस्ताक्षर व मोहर सहित